वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष:6 अंक: 70 मंगलवार 18 अगस्त 2026 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्य सचिव ने की आईपीडी टावर के कार्यों की समीक्षा

# आईपीडी टावर के लिए चिकित्सक पृथक से नियुक्त किए जाएं: श्रीनिवास

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्माणाधीन आईपीडी टावर के कार्यों एवं संचालन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने टावर में चिकित्सा उपकरणों की स्थापना, बेड क्षमता, चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ, मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं, प्रशासनिक व्यवस्थाओं सहित विभिन्न कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने फायर सेफ्टी, एम्बुलेंस की आवाजाही के लिए रैंप तथा मरीजों की सुरक्षा एवं सुविधा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि आईपीडी टावर के संचालन के लिए




आवश्यक चिकित्सकों, नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ की पृथक एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि टावर शुरू होने के बाद मरीजों को उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि टावर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ मरीजों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। श्रीनिवास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप आईपीडी टावर का कार्य निर्धारित समय में पूरा कर इसे शीघ्र आमजन के लिए शुरू किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने तथा विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मरीजों पर अनावश्यक वित्तीय भार नहीं पड़े

मुख्य सचिव ने कहा कि आईपीडी टावर में उपचार एवं अन्य सुविधाओं के शुल्क इस प्रकार निर्धारित किए जाएं कि मरीजों एवं उनके परिजनों पर अनावश्यक वित्तीय भार नहीं पड़े। उन्होंने एम्स एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा संस्थानों में लागू व्यवस्थाओं का अध्ययन कर मरीज हित में उपयुक्त शुल्क निर्धारण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ सहित विभागीय अधिकारी, चिकित्सक, विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिया हरित राजस्थान का संदेश

# 11 हजार पौधों से बदलेगी मुंडिया की तस्वीर

## वृक्ष हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए सोमवार को पंचायत समिति जालसू के ग्राम मुंडिया में आयोजित अटल स्मृति वन वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में 11 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ हरित क्षेत्र का विस्तार होगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अधिकाधिक पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण और संवर्धन का भी आह्वान किया।



### पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से हरित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, निवर्तमान जिला प्रमुख रमादेवी चोपड़ा, जयपुर ग्रामीण उत्तर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा आदि प्रमुखजन उपस्थित रहे।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर स्पीकर श्री देवनानी ने विधानसभा में किया ध्वजारोहण

## राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व : श्री देवनानी

## अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को किया नमन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शनिवार को प्रातः विधानसभा भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और आत्मसम्मान का पर्व है। यह अवसर उन अमर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष और अदम्य साहस का स्मरण कराता है, जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्श और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे। श्री देवनानी ने कहा कि स्वतंत्रता के साथ प्रत्येक नागरिक के राष्ट्र के प्रति दायित्व भी जुड़े हैं। राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना, लोकतांत्रिक परंपराओं और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए हमें देश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। स्वतंत्रता के 80वें वर्ष में हमें अमर बलिदानियों के सपनों के भारत के निर्माण, आत्मनिर्भरता और विकास को गति देने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए राष्ट्र की प्रगति और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। श्री देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता की आस्था और विश्वास है, जिसे सशक्त करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। विधानसभा जनभावनाओं का पवित्र मंदिर है और हमें मिलकर इसे लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनहित के निर्णयों का केंद्र बनाए रखना है। हमारा कर्तव्य है कि हम देश की प्रगति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं देश के चारों ओर की सामयिक स्थितियों को देखते हुए हम सभी को राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र सेवा का संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण एवं पूर्व विधायकगण मौजूद थे। विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक श्री के. के. शर्मा सहित विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण समारोह में उपस्थित थे। विधानसभा भवन प्रांगण में आयोजित समारोह में राजस्थान पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। समारोह के आरंभ में वंदेमातरम्का गायन किया गया।

### राजकीय आवास और कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में ध्वजारोहण

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने शनिवार को प्रातः सिविल लाइन्स स्थित राजकीय निवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी के सुपुत्र श्री महेश देवनानी, परिजन, अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा आमजन मौजूद थे। श्री देवनानी ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में भी ध्वजारोहण किया।

### अमर जवान ज्योति पर शहीदों को किया नमन

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने शनिवार को प्रातः अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश को आजादी दिलाने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। श्री देवनानी ने विजिटर बुक में अपने संदेश में लिखा, आज 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लाखों बलिदानियों, जिनके बलिदान से देश को आजादी मिली, मैं उन सभी को नमन करता हूँ, प्रणाम करता हूँ। यह देश विश्व का महान लोकतांत्रिक देश है। इसे विश्व गुरु बनाने में अपनी क्षमता के अनुसार हम सभी अपना योगदान देने का संकल्प लें।

# श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर श्योपुर सांगानेर के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर श्योपुर, सांगानेर, जयपुर की द्विवार्षिक प्रबंधकारिणी के चुनाव 15 अगस्त 2026 को निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी श्री कैलाशचन्द मलैया एवं पर्यवेक्षक डॉ. अरविन्द कुमार जैन के अनुसार नव निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर दिलीपकुमार पाटनी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन, मंत्री नेमीचन्द जैन बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष सतीशकुमार जैन, सांस्कृतिक मंत्री अजयकुमार जैन, संयुक्त मंत्री उत्तमचन्द जैन, भण्डार मंत्री अशोक कुमार जैन, संगठन मंत्री गोविन्द नारायण जैन निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में देवेन्द्र कुमार जैन, राजेन्द्रकुमार जैन, दिनेशकुमार जैन बडजात्या, ज्ञानचन्द जैन, प्रवीणकुमार जैन बडजात्या, कमलकुमार जैन एवं गौरव पाटनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव की घोषणा के पश्चात चुनाव अधिकारी श्री कैलाशचन्द मलैया ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ महानुभावों अशोक कुमार पापडीवाल, राजेश कुमार पाण्डया, जितेन्द्र कुमार धाडुका एवं चेतन निमोडिया सहित अन्य समाजबंधुओं ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी का तिलक, माला एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर समाजबंधुओं ने निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सद्भाव, समन्वय एवं आपसी एकता का यह एक अनुकरणीय उदाहरण है। सभी ने इसे आदर्श समाज की एकता एवं संगठन का जीवंत उदाहरण बताया।

— कैलाशचन्द मलैया, चुनाव अधिकारी

# 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन संस्कृत शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय एवं आदिनाथ पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. प्रेम चन्द जैन, प्रोफेसर एमेरिटस, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. पधारे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम चन्द जैन एवं संस्था के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार सेठी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर (कॉलेज सीनियर) का पुरस्कार शास्त्री तृतीय वर्ष के विजय जैन, बेस्ट गर्ल स्टूडेंट ऑफ द ईयर (सीनियर) का पुरस्कार तृतीय वर्ष की सिमी जैन, बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर (जूनियर) का पुरस्कार जैन अनेकान्त, बेस्ट गर्ल स्टूडेंट ऑफ द ईयर (जूनियर) का पुरस्कार अनुसी जैन तथा उच्चतम कक्षा आचार्य में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर पूजा जैन को प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप सभी विद्यार्थियों को 5,000 रुपये का चेक, स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही जैन दर्शन, प्राकृत, साहित्य एवं व्याकरण विषयों में सभी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस प्रकार शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 27 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय एवं पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सुंदर प्रस्तुतियां देकर समारोह में उत्साह और राष्ट्रभक्ति का संचार किया। मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम चन्द जैन ने विद्यार्थियों को जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा का महत्व समझाते हुए ''अहिंसा परमो धर्मः'' का संदेश दिया। संस्था के मंत्री श्री महेश चन्द्र जैन ''चांदवाड़'' ने महाविद्यालय के 140 वर्षों के गौरवशाली इतिहास से उपस्थित अतिथियों को अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार जैन एवं आदिनाथ पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. पवना शर्मा ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। मोदक वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

# श्री जेडी जैन इंग्लिश मीडियम सेकेंडरी स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री जेडी जैन इंग्लिश मीडियम सेकेंडरी स्कूल, पलटन गेट में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री तेजकुमार बडजात्या ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भारत के प्रसिद्ध गायक अजीत दीप्ति पांडया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.ए. संजय पाटोदी मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष श्री लालचंद पहाड़िया, सचिव श्री संतोष कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष पहाड़िया, श्री विपिन जैन, श्री दीपक जैन सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती शशि सोनी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन, एकता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। समारोह का आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। – **अशोक अजमेरा**

## दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप ने तिरंगा झंडारोहण कर मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

### विजयी विश्व तिरंगा प्यारा कार्यक्रम में अमर शहीदों की शहादत को किया नमन




**सीकर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन समाज की प्रमुख पारिवारिक संस्था दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप, सीकर परिवार के सदस्यों ने सीकर शहर के मध्य स्थित अहिंसा स्थल पर राष्ट्रीय महापर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा'' कार्यक्रम के तहत ध्वजारोहण किया। विवेक पाटोदी ने बताया कि इस विशेष अवसर पर इतिहासकार महावीर पुरोहित ने देश के गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी साझा करते हुए सभी के मन में राष्ट्र के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना जागृत की। भगवान महावीर चैरिटी ट्रस्ट (जैन भवन) के अध्यक्ष विमल जी जैन (रेटा वाले) ने देश के विभाजन की विभीषिका एवं अमर शहीदों को स्मरण करते हुए सभी से राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्था के दिलीप जी सेसम वाले, सुभाष जी पहाड़िया, नवीन कासलीवाल, कमल जी सेठी, प्रदीप जी लालास वाले, अनिल जी दीवान, विमल जी झांझरी, कमल जी पहाड़िया, रवि जी पिराका, विकास जी पहाड़िया मांडोता वाले सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। संस्था के मंत्री प्रदीप लालास वाले ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रुप के हरीश एवं कल्पना बडजात्या की ओर से सभी को मिठाई वितरित की गई।

## श्री गीतागोपाल नाट्यकला संस्थान में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**चौमूं. शाबाश इंडिया**

श्री गीतागोपाल नाट्यकला संस्थान, चौमूं के तत्वावधान में संस्थान कार्यालय परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एवं रंगमंच कलाकार श्री सुनील सोगण तथा सचिव श्री घनश्याम जांगिड़ ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान ''जन गण मन'' का सामूहिक गायन किया गया। संस्थान की बाल कलाकार रुद्राक्षी सोगण ने मधुर स्वर में राष्ट्रगान प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के संविधान निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर रंगमंच कलाकार एवं संस्थान अध्यक्ष श्री सुनील सोगण ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर वीर क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि आजादी हमें अनेक वीरों के त्याग और बलिदान से मिली है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को देश के प्रति सच्ची निष्ठा एवं श्रद्धा रखते हुए राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्रसेवा में अपना योगदान देना चाहिए। संस्थान के सचिव श्री घनश्याम जांगिड़ ने कहा कि युवाओं को देश के संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और राष्ट्र की प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता एवं स्वतंत्रता के साथ संविधान के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना के साथ हुआ।

राजनीति

## आयुर्वेद से आधुनिक विज्ञान तक स्वस्थ भारत की सशक्त यात्रा

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

'सर्वे सन्तु निरामयाः' वैदिक प्रार्थना नहीं, बल्कि भारतीय चिकित्सा दर्शन का मूल भाव है। भारत की चिकित्सा परंपरा का उद्देश्य केवल रोग का उपचार करना नहीं रहा, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य की स्थापना करना रहा है। यही कारण है कि भारतीय चिकित्सा परंपरा विश्व की प्राचीन प्रणालियों में गिनी जाती है। आज विश्व बीमारियों और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में आयुर्वेद, योग, सिद्ध, यूनानी और आधुनिक चिकित्सा के बीच समन्वय स्वस्थ भारत के निर्माण में भूमिका निभा सकता है। भारत में चिकित्सा विज्ञान का इतिहास पुराना है। वैदिक साहित्य, अथर्ववेद में रोगों, औषधियों और उपचार पद्धतियों का उल्लेख मिलता है। महर्षि चरक ने शरीर की प्रकृति, रोगों के कारण और उपचार को व्यवस्थित रूप से समझाया, जबकि महर्षि सुश्रुत ने शल्य चिकित्सा को विकसित किया। सुश्रुत संहिता में नाक के पुनर्निर्माण, मोतियाबिंद तथा शल्य तकनीकों का उल्लेख मिलता है। आयुर्वेद का मूल विचार रोग के कारण को समझकर शरीर के संतुलन को बनाए रखना है। इसलिए इसमें औषधियों के साथ आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, व्यायाम और मानसिक संतुलन पर जोर दिया जाता है। स्वतंत्रता के समय भारत के सामने संक्रामक रोग, कुपोषण, सीमित अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी जैसी चुनौतियां थीं। आज एम्स, सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और अनुसंधान संस्थान भारत की चिकित्सा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। अंग प्रत्यारोपण, रोबोटिक सर्जरी, कैंसर उपचार, हृदय चिकित्सा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निदान जैसी तकनीकों ने स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाया है। साथ ही आयुष प्रणाली के माध्यम से आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को स्वरूप मिला है। सेवाओं के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार, टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, जन औषधि केंद्र, आयुष्मान भारत और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं प्रयास हैं।

संपादकीय

## आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत संगम

राजस्थान की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में डिग्गी कल्याणजी की पदयात्रा का विशेष महत्व है। जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान कल्याणजी के दर्शन और मनोकामना पूर्ति की भावना के साथ पैदल यात्रा करते हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली ऐसी परंपरा है, जिसमें भक्ति, अनुशासन, सेवा और भाईचारे का अद्भुत संगम दिखाई देता है।



पदयात्रा के दौरान जयपुर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। हाथों में ध्वज, मुख पर भगवान कल्याणजी के जयकारे और कदमों में लंबी यात्रा का संकल्प–यह दृश्य राजस्थान की लोक आस्था की गहरी जड़ों को सामने लाता है। बुजुर्गों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक, हर वर्ग के लोग श्रद्धा और उत्साह के साथ इस यात्रा में शामिल होते हैं। अनेक श्रद्धालु वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं और इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण धार्मिक संकल्प मानते हैं। इस पदयात्रा का सबसे प्रेरणादायक पक्ष सेवा भावना है। यात्रा मार्ग में सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पानी, भोजन, चिकित्सा और विश्राम जैसी सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। तपती धूप और लंबी दूरी के बीच ऐसी सेवाएं यात्रियों को राहत देने के साथ सामाजिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती हैं। अलग-अलग सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के लोग एक-दूसरे की सहायता करते दिखाई देते हैं। यही भावना भारतीय संस्कृति के उस मूल विचार को साकार करती है, जिसमें नर सेवा को नारायण सेवा माना गया है। जयपुर जैसे बड़े शहर से गुजरने वाली इतनी बड़ी धार्मिक पदयात्रा प्रशासन के लिए भी चुनौतीपूर्ण होती है। यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा और पेयजल जैसी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था आवश्यक है। श्रद्धालुओं की आस्था के साथ उनकी सुरक्षा भी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ यात्रियों की भी जिम्मेदारी है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, स्वच्छता बनाए रखें और प्लास्टिक तथा अन्य कचरे का अनावश्यक उपयोग न करें। धार्मिक आयोजन की गरिमा तभी बनी रह सकती है, जब आस्था के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी हो। आज के तेज भागते जीवन में धार्मिक यात्राएं मनुष्य को अपनी जड़ों, परंपराओं और सामाजिक संस्कारों से जुड़ने का अवसर देती हैं। डिग्गी कल्याण पदयात्रा इसी जीवंत परंपरा का प्रतीक है। यह यात्रा संदेश देती है कि आस्था केवल मंदिर तक सीमित नहीं होती, बल्कि सेवा, सहयोग, अनुशासन और सद्भाव के रूप में समाज के बीच भी दिखाई देनी चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि ऐसी धार्मिक परंपराओं को आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए। स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवक और श्रद्धालु मिलकर इस यात्रा को अनुकरणीय बना सकते हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

परिदृश्य

## 'जेन जी' की ऊर्जा...

'दिमागी नक्सल'–यह शब्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्तेमाल किया तो राजनीतिक बहस और तीखी हो गई। सरकार के समर्थकों और आलोचकों के बीच इसे लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आईं। पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने तो व्यंग्यात्मक अंदाज में इसे स्वीकार करते हुए कहा कि हां, वे 'दिमागी नक्सल' हैं। छात्र और युवाओं के बीच भी इस शब्द को लेकर असहमति और नाराजगी दिखाई दी। सवाल यह है कि आखिर सवाल उठाने वाले युवाओं को इस तरह के विशेषणों से संबोधित करने की जरूरत क्यों पड़ती है? लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना नागरिक का अधिकार है। परीक्षा में धांधली, रोजगार, शिक्षा व्यवस्था, अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने वाले छात्रों को यदि संदेह की नजर से देखा जाएगा तो लोकतांत्रिक संवाद कमजोर होगा। राजनीतिक विरोधियों के नाम बिगाड़कर संबोधित करने की प्रवृत्ति भी नई नहीं है। लेखक अपने पत्रकारिता अनुभव का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि एक बार अखबार की बैठक में राहुल बाबा जैसी हेडिंग पर उन्होंने आपत्ति जताई थी। उनका तर्क था कि किसी व्यक्ति का नाम उसकी पहचान है और उसे जानबूझकर बिगाड़ना सभ्य राजनीतिक संवाद की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इसी संदर्भ में सवाल उठता है कि क्या राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत उपहास और अपमान में बदलना लोकतंत्र को मजबूत करता है? विरोधी विचारों का जवाब तर्क से दिया जाना चाहिए, न कि ऐसे शब्दों से जो सामने वाले को समाज के लिए खतरा साबित करने की कोशिश करें। प्रधानमंत्री ने 'दिमागी नक्सल' कहे गए लोगों को पहचानने और अलग-थलग करने की बात कही है। यदि वास्तव में कोई हिंसा या अराजकता फैलाने की तैयारी कर रहा है तो कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन इसके लिए स्पष्ट रूप से बताना भी जरूरी है कि किन लोगों की बात हो रही है और उनका अपराध क्या है। केवल सरकार से सवाल पूछना न हिंसा है और न अराजकता। देश के करोड़ों छात्र और युवा शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्हें सुनने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय यदि उन्हें किसी कठोर राजनीतिक विशेषण के दायरे में रखा जाएगा तो इससे दूरी और बढ़ सकती है। इसी माहौल में राहुल गांधी ने छात्राओं के लिए केंद्रित कार्यक्रम की घोषणा की है। उनका कहना है कि देश की लड़कियों को बराबरी, सुरक्षा, अवसर और अपनी बात कहने की आजादी चाहिए। यदि युवा पीढ़ी को देश का भविष्य माना जाता है तो उसकी आवाज सुनना भी उतना ही जरूरी है। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों ने सरकार और विपक्ष के बीच टकराव को और बढ़ाया है। संसद के मानसून सत्र के दौरान छात्रों पर कार्रवाई, कथित दुर्व्यवहार और सुरक्षा से जुड़े सवालों को लेकर विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा। राहुल गांधी ने इन मुद्दों पर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे और प्रधानमंत्री से सदन में जवाब देने की मांग की। दूसरी ओर, सरकार और उसके समर्थक विपक्ष पर राजनीति करने तथा युवाओं को आंदोलनों के लिए उकसाने का आरोप लगाते हैं। यही टकराव आज की राजनीति की बड़ी चुनौती बन चुका है। लोकतंत्र में असहमति को दुश्मनी समझना खतरनाक है। जेन जी और नई पीढ़ी को दिमागी नक्सल कहने के बजाय उनके सवालों को समझना अधिक जरूरी है। वे देश का भविष्य हैं, और भविष्य को डराकर नहीं, संवाद, शिक्षा, रोजगार, समान अवसर और विश्वास देकर बनाया जाता है। सवाल यह नहीं कि जेन जी दिमागी नक्सल है या नहीं; असली सवाल यह है कि क्या हम उसके सवाल सुनने को तैयार हैं?

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में महिला आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान यूनिवर्सिटी वूमेन्स एसोसिएशन (रुवा) की ओर से 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, देशभक्ति एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीता बूचरा, संस्थापक चेयरपर्सन, फिक्की एफएलओ जयपुर चैप्टर ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। श्रीमती बूचरा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, उद्यमिता एवं आर्थिक निर्णयों में भागीदारी के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने रूमा देवी का उदाहरण देते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प, मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ महिलाएं न केवल अपने जीवन को बदल सकती हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। उन्होंने प्रेरणादायी रूप से कहा, ''श्रम के पौधे पर सफलता के फूल खिलते हैं।'' उन्होंने महिलाओं से अपने सपनों को पहचानने, निरंतर प्रयास करने एवं आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुवा की अध्यक्ष प्रो. अमला बत्रा ने की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए रुवा की गौरवशाली यात्रा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रुवा की 15 यूनिट विभिन्न सामाजिक एवं महिला-केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। रुवा केवल महिलाओं के सशक्तिकरण तक सीमित न रहकर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सामाजिक सरोकारों के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर प्रो. लाड़ कुमारी जैन, पूर्व अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग ने रुवा की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि रुवा लंबे समय से महिलाओं को सामाजिक, कानूनी एवं नैतिक सहयोग प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण संस्था के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए रुवा का योगदान सराहनीय है। समारोह में प्रो. बीना अग्रवाल एवं प्रो. प्रेरणा पुरी को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए तथा श्रीमती बरखा सोनी को सम्मानित किया गया। समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्वाधार गृह की संयोजक डॉ. कोकिला जैन ने शक्ति सदन की आवासनियों का मनोबल बढ़ाया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में रुवा की सचिव प्रो. उर्मिल तलवार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, ''पंद्रह अगस्त कैलेंडर की एक तारीख नहीं है, यह हमें हमेशा याद दिलाता है कि हमें अपनी सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के प्रयास करते रहना चाहिए। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इस दिन संकल्प लेकर हमें दोगुने उत्साह से कार्य करना चाहिए।'' रुवा का यह आयोजन स्वतंत्रता के उत्सव के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी दे गया।




# स्वतंत्रता दिवस पर नन्हे सवारों ने निकाली बाइक परेड



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लिटिल मिलेनियम प्री-स्कूल, महावीर नगर की ओर से शनिवार को वसुंधरा पार्टी लॉन में देशभक्ति एवं उत्साह से भरपूर इंडिपेंडेंस डे बाइक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2 से 6 वर्ष आयु वर्ग के नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अजय कुमार जैन एवं श्रीमती सुशीला गोडिका द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। नन्हे बच्चों ने तिरंगे की शान में सजाई गई अपनी साइकिल, राइड-ऑन एवं ट्राइसाइकिल के साथ बाइक परेड में हिस्सा लिया। बच्चों में देशभक्ति का उत्साह और उमंग देखते ही बनती थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिवा सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा देश के प्रति प्रेम एवं सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया। परेड के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। संगीत, खेल एवं सामूहिक गतिविधियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को परिवार के लिए यादगार अनुभव बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्या खुशबू जैन के मार्गदर्शन में शिक्षिकाओं श्वेता जैन, नैन्सी बिलाला, खुशी वर्मा, कविता नवलखा, रानू चौधरी एवं कल्पना सोनी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, एकता, सहभागिता एवं स्वस्थ जीवनशैली के मूल्यों को आनंदपूर्ण अनुभव के माध्यम से विकसित करना रहा। नन्हे सवारों की मुस्कान और तिरंगे के रंगों से सजा यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस की भावना को एक खूबसूरत रूप में प्रस्तुत कर गया।



# जीवन में यथार्थ-सत्य का बोध होना ही सच्ची स्वतंत्रता है : पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज



**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**

पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम भक्त वैभव जैन बड़ामलहरा ने बताया कि दिल्ली के ऋषभोदय, ऋषभविहार में विराजित दिगम्बर जैन पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में यथार्थ-सत्य का बोध होना ही सच्ची स्वतंत्रता है।

## सत्य का बोध ही सच्ची स्वतंत्रता

गुरुदेव ने कहा कि जीवन में यथार्थ-सत्य का बोध होना ही सच्ची स्वतंत्रता है। जब तक परतंत्रता का बोध नहीं होगा, तब तक आप स्वतंत्र होने का पुरुषार्थ नहीं करेंगे। परतंत्रता से बचो। विचार करो–मैं स्वतंत्र था, स्वतंत्र हूं और स्वतंत्र ही रहूंगा। स्वतंत्रता का बोध करो, स्वतंत्रता प्राप्त करो। बोध से ही शोध प्रारंभ होता है। जो राग की रस्सी से बंधा है, उसे अभी अपनी स्वतंत्रता का बोध ही नहीं है। रस्सी से बंधा एक पशु भी परतंत्र नहीं रहना चाहता। वह भी रस्सी तोड़कर मुक्त होना चाहता है।

## दुर्लभ से दुर्लभ तत्वज्ञान

उन्होंने कहा कि इस कलिकाल में काल खोटा है और पुण्य क्षीण हो रहे हैं। मनुष्य भोगों में लिप्त है। ऐसे काल में सत्य कहने वाले भी दुर्लभ हैं, सुनने वाले अल्प हैं, मानने वाले अत्यल्प हैं और तत्त्व को जानकर उसके अनुसार आचरण करने वाले तो अत्यंत अल्प हैं। मनुष्य भव प्राप्त करना बहुत दुर्लभ है। उच्च कुल दुर्लभ है। उत्कृष्ट क्षयोपशम, स्वस्थ तन-मन, अच्छे गुरु, अच्छा देश, श्रेष्ठ मित्र एवं अच्छे सहयोगी–ये सभी बहुत दुर्लभ हैं। उन्होंने कहा कि अपनी शक्ति का दुरुपयोग मत करो। अपनी शक्ति का समीचीन कार्यों में प्रयोग करो। विनाश नहीं, सृजन करो। वृक्ष उखाड़ो मत, नवीन वृक्षारोपण करो। बीज ही अंकुरित होगा, अंकुर ही वृक्ष बनेगा और वृक्ष ही छाया एवं फल देगा।

## त्याग से मुक्ति

गुरुदेव ने कहा कि त्याग से सुख, शांति एवं परतंत्रता से मुक्ति मिलती है। उन्होंने एक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक तोते ने गुरु के वचन सुने ''त्याग करने से मुक्ति मिलती है।'' तोते ने दाना-पानी का त्याग कर दिया। उसने दिनभर कुछ नहीं खाया-पिया और लस्त-पस्त पड़ा रहा। मालिक धर्मात्मा एवं दयालु था। उसने सोचा कि कहीं तोता मर न जाए। उसने तोते के पिंजरे का द्वार खोल दिया। जब तोते ने देखा कि पिंजरे का द्वार खुला है, तो वह उड़कर खुले आकाश में चला गया। त्याग करने से तोता स्वतंत्र हो गया।

## स्वतंत्र करना ही सच्ची स्वतंत्रता

गुरुदेव ने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता यही है कि हम किसी को परतंत्र न करें। यदि आप स्वतंत्रता के पक्षधर हैं तो आज से यह नियम लें कि किसी को जाल में नहीं फंसाएंगे और घर में पिंजरे में किसी जीव को कैद नहीं करेंगे। स्वतंत्रता का बोध करो, स्वतंत्रता का महत्व समझो और स्वतंत्रता की महिमा को जानो। किसी को परतंत्र मत करो। सास बहू को न सताए, बहू सास को न सताए, मालिक सेवक को न सताए, धनिक निर्धन को न सताए और बलवान कमजोर को न सताए। किसी को परतंत्र मत करो, यही सच्ची स्वतंत्रता है।

## संतान रक्षा ही देश-धर्म रक्षा

गुरुदेव ने कहा कि देश एवं धर्म की रक्षा करनी है तो संतान को जन्म दो। संतान ही नहीं होगी तो देश एवं धर्म की रक्षा कौन करेगा? एक संतान होगी तो आगे आने वाले समय में चाचा, ताऊ, मौसी एवं बुआ कौन होंगे? सनातन संस्कृति की रक्षा करनी है तो संतान को जन्म दो और संतान को संस्कार दो।

**श्री अभिषेक अशोक पाटील**
**कार्याध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद, कोल्हापुर**

# अतिशय क्षेत्र रैवासा में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित



**सीकर. शाबाश इंडिया**

निकटवर्ती ग्राम रैवासा स्थित दिगम्बर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उदयपुर निवासी श्री अशोक कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीकम सेठी, निहालचंद जैन, पंडित दीपक जैन सहित समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह में देश की स्वतंत्रता के अमर सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया गया।

# रघुविहार पार्क में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर किया वृक्षारोपण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

''बढ़ाओ हरियाली'' वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अगस्त 2026 को महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर स्थित रघुविहार पार्क में पुलक मंच परिवार, महारानी फार्म-गायत्री नगर की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलक मंच परिवार, गायत्री नगर की धर्म मंत्री अनीता बडजात्या ने बताया कि इस अवसर पर पुलक मंच परिवार की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती बीना टोंग्या, संरक्षक अनिल टोंग्या, उपाध्यक्ष विमला जैन, महासचिव सुरेश मीनू, सचिव अमित चंचल काला, निर्मल उषा सेठी, रमेश काला, अनिल गदिया, धूपचंद जी शाह, जितेंद्र सरिता बाकलीवाल, ज्योति जैन, राखी पाटनी, अरुणा जैन, सुधा लुहाड़िया एवं अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बडजात्या सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के नियमित संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता का संदेश दिया गया।

# गायत्री नगर में 48 दिवसीय भक्तामर पाठ का नवां वर्ष

## मंदिर प्रबंध समिति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज के शिष्य परम पूज्य निर्यापक मुनि श्री विलोक सागर जी महाराज, परम पूज्य अर्हम श्री माताजी ससंघ एवं परम पूज्य विष्णु प्रभा माताजी ससंघ के मंगल आशीर्वाद से राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2026 को रात्रि 8 बजे दिगम्बर जैन मंदिर, गायत्री नगर, महारानी फार्म में 48 दिवसीय भक्तामर पाठ के नवें वर्ष का शुभारंभ किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री अरुण शाह एवं पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर भक्तामर पाठ का शुभारंभ किया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि 48 दिवसीय भक्तामर पाठ का यह नवां वर्ष है। संयोजिका अनीता बड़जात्या, डॉ. अनीता जैन, विमला जैन एवं ज्योति जैन ने परम पूज्य निर्यापक मुनि श्री विलोक सागर जी महाराज, आर्यिका श्री अर्हम आशीर्वादश्री माताजी एवं आर्यिका श्री विष्णु प्रभा माताजी को श्रीफल अर्पित कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तामर पाठ के अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरुण शाह, उपाध्यक्ष विजय सोगानी, संतोष गंगवाल, संतोष रावका, राकेश पाटोदी, मुकेश सोगानी, सारसमल जी झांझरी, बसंत बाकलीवाल, अशोक पापड़ीवाल, चैताली वोहरा, सुधा लुहाड़िया, शोभा सेठी, मुनि संघ वैयावृत्ति महिला समूह की प्रमिला शाह, किरण बिल्टीवाला परिवार, राखी पाटनी, धूपचंद शाह, पुलक मंच परिवार से बीना एवं अनिल टोंग्या, विमल जैन एडवोकेट, अशोक बड़जात्या, अशोक जैन मालपुरा वाले, प्रदीप बाकलीवाल, राजेश बाकलीवाल, प्रदीप पाटनी, पदम पांड्या सहित अनेक गणमान्य महानुभाव एवं समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे। भक्तामर पाठ का आयोजन ऋद्धि-सिद्धि मंत्रों एवं दीप अर्चना के साथ भक्तिभावपूर्वक 2 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम का संचालन उदयभान जैन ने किया। इससे पूर्व रात्रि 7:15 बजे विधानाचार्य पंडित अजित शास्त्री, गायत्री नगर ने जम्बूद्वीप रचना, ढाई द्वीप रचना एवं तीन लोक की रचना के संबंध में विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारी दी।

**अनीता बड़जात्या: संयोजिका**

# लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

## देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर की ओर से 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शांतिकुंज हरिद्वार के अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित मां भगवती उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह में क्लब अध्यक्ष लायन सुरेंद्र गुप्ता एवं सचिव लायन प्रकाश जैन ने ध्वजारोहण किया। क्लब अध्यक्ष लायन सुरेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में नई पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों एवं नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग गया। कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक केदार जी सहित क्लब के 60 सदस्य तथा विद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्लब की ओर से विद्यालय को एक स्टील की अलमारी भेंट की गई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले 60 बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं अतिथियों को मिठाई वितरित की गई। समूचा कार्यक्रम राष्ट्रप्रेम, सेवा, संस्कार एवं बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के संदेश के साथ गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के साथ सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब जयपुर मेट्रो की ओर से 15 अगस्त 2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगतपुरा स्थित ह्यूमन लाइफ फाउंडेशन के स्लम स्कूल के बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र डिगीवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उपस्थित लायन सदस्यों एवं बच्चों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। समारोह में बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के उत्साह, प्रतिभा एवं राष्ट्रप्रेम ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों को फल, मिठाइयां एवं उपहार वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने कार्यक्रम को और अधिक भावपूर्ण एवं यादगार बना दिया। लायंस क्लब जयपुर मेट्रो की ओर से ह्यूमन लाइफ फाउंडेशन के संचालक श्री हेमराज चतुर्वेदी का विशेष आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने का अवसर प्रदान करने के साथ कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम में लायन गोविंद शर्मा, सुरेन्द्र डिगीवाल, अनिल जैन, निर्मल सांघी, सूर्यकांता डिगीवाल, वीरेन्द्र पापड़ीवाल, नेमी पाटनी, रमेश सेठी एवं सरला सांघी सहित क्लब के सदस्यों ने सहभागिता की। लायंस क्लब जयपुर मेट्रो के मानद सचिव लायन अनिल जैन ने सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम बच्चों में देशप्रेम की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में सेवा एवं संवेदनशीलता का संदेश भी देते हैं। समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति के जयघोष ''भारत माता की जय'', ''वंदे मातरम्'' एवं 'जय हिन्द' के साथ हुआ।

# झंडारोहण के साथ हुआ पौधारोपण

## अपने कर्तव्यों का पालन ही सच्ची देशसेवा : एडीजे राजपाल सिंह





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। सांगानेर एडीजे राजपाल सिंह ने ध्वजारोहण के बाद कहा कि देश की स्वतंत्रता की रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए हम सभी को अपने-अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। यही सच्ची देशसेवा है। कार्यक्रम के बाद एडीजे राजपाल सिंह एवं पुरवा चतुर्वेदी ने अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की भी अपील की। इस अवसर पर एडीजे राजपाल सिंह, पुरवा चतुर्वेदी, न्यायिक अधिकारी साक्षी चौधरी, संतोष मीणा, कविता चारण, श्वेता स्वामी, सिमरन सिंह, बार अध्यक्ष टीकम चंद शर्मा, महासचिव अशोक पारीक सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### तीज महोत्सव भी मनाया

बार के पूर्व अध्यक्ष महावीर सुरेंद्र जैन एवं पूर्व महासचिव नेमीचंद सामरिया ने बताया कि इस अवसर पर तीज महोत्सव भी मनाया गया। बार एसोसिएशन की ओर से महिला अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया।

# मुनि श्री सुधासागर जी के सानिध्य में इंदौर में होने वाले श्रावक संस्कार शिविर के प्रमुख पुण्यार्जक आलोक-आकाश कोल होंगे



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

पर्वराज पर्युषण पर्व के अवसर पर 16 से 25 सितंबर तक श्रमण संस्कृति के महामहिम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य महाश्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य एवं सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलालबाग, इंदौर में श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के प्रमुख पुण्यार्जक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं महादानी श्रीमंत सेठ श्री आलोक-मधु जैन एवं श्री आकाश-दीपिका जैन, इंदौर (कोल परिवार) होंगे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्रावक संस्कार शिविर का यह 33वां वर्ष है। यह शिविर गुरुकुल परंपरा पर आधारित होगा तथा इसमें 5 हजार से अधिक शिविरार्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। समिति के अध्यक्ष आनंद गोधा ने बताया कि शिविरार्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। आलोक-आकाश कोल के शिविर के प्रमुख पुण्यार्जक बनने पर समाज में हर्ष व्याप्त है। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जैनेन्द्र जैन, आजाद जैन, राजीव जैन बंटी, अमित कासलीवाल, मनीष गोधा, आनंद गोधा, नवीन गोधा, हर्ष जैन, हंसमुख गांधी, टीके वेद, अक्षय कासलीवाल, धर्मेंद्र सिनकेम, अशोक डोसी सहित समाज के श्रेष्ठीजनों ने आलोक-आकाश कोल को बधाई दी। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जगतपूज्य मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी ऋषिराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस शिविर का उद्देश्य श्रावक-श्राविकाओं को जैन संस्कार, आचार-विचार, धर्म एवं गुरुकुल परंपरा से जोड़ना है। दसलक्षण महापर्व के दस दिनों में क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य जैसे दस धर्मों की गहन व्याख्या के साथ उनके आचरण पर जोर दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर में पुनः नए इतिहास रचे जाएंगे। पर्वाधिराज दसलक्षण महापर्व एवं श्रावक संस्कार शिविर को लेकर जैन समाज में भारी उत्साह है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिविर में भाग लेकर धर्मलाभ लेने के लिए तैयार हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

# अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा ने हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय पर्व 80वां स्वतंत्रता दिवस

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा की ओर से 80वां स्वतंत्रता दिवस महासभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता (तूंगा वाले) के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महासभा के शास्त्री नगर स्थित कार्यालय, खंडेलवाल भवन में महासभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता (तूंगा वाले) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर किया गया। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता (तूंगा वाले) ने सभी समाजबंधुओं से राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने तथा राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कट्टा, प्रधान संपादक राम निरंजन खुटेटा (खंडेलवाल), राष्ट्रीय युवा संयोजक शरद फरसोइया, अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रो. रमेश कुमार रावत, मार्गदर्शक मंडल के संयोजक राम रतन घीया, महासभा पत्रिका प्रभारी राम स्वरूप ताम्बी, महासभा पत्रिका के सह प्रभारी राम बाबू गुप्ता, भवन संयोजक रमेश चंद खंडेलवाल, अखिल भारतीय खंडेलवाल सुमधुरा सखी-सहेली मंच की संयोजक मधु खंडेलवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं संयोजक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों तथा कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, रतलाम, राजनांदगांव सहित देश के अनेक प्रमुख शहरों से महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, आजीवन सदस्यों एवं समाज के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने समाजबंधुओं को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# सूर्या संस्था का तीसरा वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम फागी में संपन्न



## करीब 140 सदस्यों ने लिया भाग, अब तक 800 पौधे रोपित

**फागी, जयपुर. शाबाश इंडिया**

सूर्या संस्था की ओर से 16 अगस्त 2026 को कछवाहा फार्म हाउस, फागी में तीसरा वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साह एवं देशभक्ति के माहौल में आयोजित किया गया। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब संस्था की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह मुहिम चलाई जा रही है। संस्था की ओर से अब तक लगभग 800 पौधे रोपे जा चुके हैं। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि रोपित पौधों ने अच्छी वृद्धि की है, जिससे क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिल रहा है। संस्था के अध्यक्ष ब्रिगेडियर मोहन सिंह शेखावत एवं सचिव मेजर डॉ. गजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम का सफल संचालन पर्वत सिंह भाटी, संरक्षक, राजस्थान टेंट डीलर्स किराया व्यवसायी समिति ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अजय कछवाहा का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग एवं आतिथ्य के लिए संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति एवं मनमोहक गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में करीब 140 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन पर सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट राजस्थानी भोजन का आनंद लिया।

जय हिन्द, जय भारत।

– पर्वत सिंह भाटी

# महिला मंडल एवं जैन मिलन महिला ने मनाई हरियाली तीज

### मल्हार गीतों पर किए सामूहिक नृत्य



**मुरैना. शाबाश इंडिया**

पल्लिवाल महिला मंडल एवं जैन मिलन महिला के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन सरिता जैन के निज निवास पर हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। आयोजन में दोनों महिला संगठनों की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। करीब 30 से 70 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने एक साथ शामिल होकर तीज पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे आयोजन में भक्ति, संगीत, नृत्य एवं मनोरंजन की छटा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक भजन से हुआ। इसके बाद महिलाओं ने मल्हार एवं पारंपरिक तीज गीतों की प्रस्तुति दी तथा सामूहिक नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। सभी महिलाएं आकर्षक लहरिया परिधानों में पहुंचीं, जिससे कार्यक्रम में हरियाली तीज की पारंपरिक रंगत दिखाई दी। महिलाओं ने हाथों पर सुंदर मेहंदी भी रचाई।

## प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह

कार्यक्रम की संयोजिका सरिता जैन ने महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही तंबोला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने जमकर उत्साह दिखाया। तंबोला के मुख्य पुरस्कार करुणा जैन, शशि जैन, शोभा जैन, रितिका जैन, रेखा जैन, मुन्नी जैन, निधि जैन, बबिता जैन, सपना जैन, संगीता जैन एवं बरफी जैन ने जीते। पुरस्कार प्राप्त करने पर महिलाओं में खुशी का माहौल रहा। महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन त्योहारों की परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज की महिलाओं को आपस में जोड़ने तथा प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे को बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। उम्र के अलग-अलग पड़ाव पर होने के बावजूद सभी महिलाओं ने एकजुट होकर पूरे उत्साह के साथ पर्व मनाया।

# युवा एवं महिला महासभा ने जैन महाविद्यालय में किया वृक्षारोपण

### स्वतंत्रता दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




**मुरैना/भिंड. शाबाश इंडिया**


स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा एवं महिला महासभा, जिला भिंड की कार्यकारिणी की ओर से जैन महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विकेश मेहता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर युवा महासभा के जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल देश की आजादी का पर्व ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर भी है। इसी भावना के साथ देशभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके। महिला महासभा की अध्यक्ष रानी जैन ने कहा कि वृक्ष धरती और जीवन के आधार हैं। पेड़ हमें प्राणवायु देते हैं, वातावरण को स्वच्छ रखते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित करने में सहायक होते हैं तथा तापमान को नियंत्रित करते हैं। इसके साथ ही वे मिट्टी के कटाव को रोकने के साथ पशु-पक्षियों को आश्रय भी प्रदान करते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा एवं महिला महासभा भिंड, प्रज्ञा संघ, गुरु सेवा महिला मंडल, महिला मुनि भक्त, जिनागम पंथी जैन मित्र मंडल सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। इस अवसर पर सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाणोत्सव पर विशेष

# मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया जाता है भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाणोत्सव







जयपुर. शाबाश इंडिया

जयपुर में भगवान पार्श्वनाथ की अतिशयकारी 101 इंच ऊंची, कसौटी पत्थर से निर्मित मनोहारी खड़गासन प्रतिमा जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों में वर्तमान अवसर्पिणी काल के तेईसवें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ स्वामी हैं। भगवान पार्श्वनाथ ने घोर उपसर्गों को समतापूर्वक सहन कर आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। वर्तमान समय में भगवान पार्श्वनाथ के सर्वाधिक जिनबिंब एवं जिनालय देखने को मिलते हैं। उन्हें भक्तिभाव से ''संकटमोचक पार्श्वनाथ'' भी कहा जाता है। भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाणोत्सव को मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया जाता है।

## दो भाई—कमठ और मरुभूति

शास्त्रों में भगवान पार्श्वनाथ के पूर्वभवों से संबंधित कमठ और मरुभूति का प्रसंग मिलता है। राजा अरविंद के दो मंत्री कमठ और मरुभूति थे। कमठ बड़ा भाई था और उसकी प्रवृत्ति दुष्ट एवं दुर्व्यवहारी थी, जबकि मरुभूति सज्जन और सद्व्यवहारी था। एक बार मरुभूति राज्यकार्य से नगर से बाहर गया। इसी दौरान कमठ ने मरुभूति की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास किया। राजा को जब इस घटना का पता चला तो उसने कमठ को देश से निष्कासित कर दिया। कमठ वन में जाकर तापस के रूप में रहने लगा और तपस्या करने लगा। मरुभूति को जब पूरी घटना का पता चला तो भ्रातृप्रेम के कारण वह कमठ के पास गया और क्षमा मांगते हुए उसे वापस घर चलने के लिए कहा। क्रोध से भरकर कमठ ने मरुभूति पर शिला पटक दी, जिससे उसका मरण हो गया। आगे के भवों में सम्यक भावनाओं एवं आध्यात्मिक पुरुषार्थ के फलस्वरूप मरुभूति के जीव ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया और आगे चलकर भगवान पार्श्वनाथ के रूप में प्रकट हुए।

## वामा माता के गर्भ से तीर्थंकर का जन्म

जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में वाराणसी नगरी में राजा अश्वसेन राज्य करते थे। उनकी महारानी वामादेवी के गर्भ से भगवान पार्श्वनाथ का जन्म हुआ। तीर्थंकर बालक के जन्म से संपूर्ण नगर में हर्ष और उल्लास छा गया। पूर्वभव में मरुभूति के जीव ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया और आगे चलकर भगवान पार्श्वनाथ के रूप में तीर्थंकर पद प्राप्त किया। वहीं कमठ का जीव आगे चलकर शम्बर नामक देव बना।

## बालक पार्श्व और धरणेन्द्र-पद्मावती

भगवान पार्श्वनाथ के बाल्यकाल से संबंधित प्रसंगों में नागयुगल का उल्लेख मिलता है। एक बार बालक पार्श्व वन विहार करते हुए एक तपस्वी के पास पहुंचे। वह पंचाग्नि तप करते हुए लकड़ी फाड़ रहा था। भगवान पार्श्व ने अपनी दिव्य दृष्टि से जाना कि उस लकड़ी में नागयुगल है और उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन तपस्वी ने उनकी बात नहीं मानी। लकड़ी के कटने से उसमें स्थित नागयुगल घायल हो गया। भगवान पार्श्वनाथ ने उन्हें धर्म का उपदेश देकर शांत भाव धारण कराया। नागयुगल ने समताभाव से शरीर का त्याग किया और आगे चलकर धरणेन्द्र एवं पद्मावती के रूप में देवगति को प्राप्त हुआ।

## तीर्थंकर पर घोर उपसर्ग और उसका निवारण

भगवान पार्श्वनाथ जब तेला उपवास का नियम लेकर देवदारु वृक्ष के नीचे ध्यानमग्न थे, तब पूर्वभव के वैरभाव से ग्रस्त कमठ के जीव शम्बर नामक देव ने उन पर घोर उपसर्ग किए। वर्षा, आंधी और जलधारा सहित अनेक प्रकार के उपसर्ग किए गए, लेकिन भगवान पार्श्वनाथ अपने ध्यान और समता से तनिक भी विचलित नहीं हुए। उसी समय पूर्व में भगवान पार्श्वनाथ द्वारा किए गए उपकार को स्मरण करते हुए धरणेन्द्र और पद्मावती प्रकट हुए और भगवान के उपसर्ग का निवारण किया। धरणेन्द्र ने अपने फणों से भगवान के ऊपर छत्र बनाया और पद्मावती ने भी उनकी रक्षा की। इसी प्रसंग के कारण भगवान पार्श्वनाथ के जिनबिंबों में उनके मस्तक के ऊपर सर्प के फणों का विशेष अंकन दिखाई देता है। सर्प भगवान पार्श्वनाथ का लांछन भी है।

## अष्ट कर्मों का क्षय कर प्राप्त किया निर्वाण

भगवान पार्श्वनाथ ने कठोर साधना एवं तप के माध्यम से घातिया कर्मों का क्षय कर केवलज्ञान प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने समवसरण में दिव्यध्वनि के माध्यम से जीवों को धर्म का उपदेश दिया। श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन प्रातः बेला में भगवान पार्श्वनाथ ने समस्त कर्मों का क्षय कर सम्मेद शिखरजी के स्वर्णभद्र कूट से निर्वाण पद प्राप्त किया। इसी पावन स्मृति में प्रतिवर्ष मोक्ष सप्तमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। भगवान पार्श्वनाथ का आयुष्यकाल 278 वर्ष बताया गया है।

## पार्श्वनाथ मंदिर सोनियान जयपुर में आस्था का केंद्र

जैन नगरी जयपुर में ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। मंदिर में विराजमान जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की अतिशयकारी पद्मासन प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष श्रद्धा का केंद्र है। मंदिर के मध्य कसौटी पत्थर से निर्मित भगवान पार्श्वनाथ की लगभग 101 इंच ऊंची खड़गासन प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है। एक ही पत्थर से निर्मित इस मनोहारी प्रतिमा के ऊपर सात फणों वाला सर्प तथा दोनों ओर चौबीस तीर्थंकरों की प्रतिमाओं का अंकन है। प्रतिमा की भव्यता और कलात्मकता श्रद्धालुओं को सहज ही आकर्षित करती है। प्रतिदिन यहां अभिषेक, दर्शन एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

## मोक्ष सप्तमी महोत्सव

मोक्ष सप्तमी अर्थात भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाणोत्सव के दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं शांतिधारा की जाती है तथा भगवान के निर्वाण की स्मृति में निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। जयपुर में संतों के सानिध्य में चित्रकूट, विवेक विहार, मंगल विहार, गोलोक, मुरलीपुरा, कमला नेहरू नगर, मीरा मार्ग, वरुण पथ, जनकपुरी, चूलगिरी, जग्गा की बावड़ी सहित अनेक जैन मंदिरों में मोक्ष सप्तमी के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भगवान के निर्वाण को हम सभी श्रद्धापूर्वक भक्तिभाव से स्मरण करते हैं।



पदम जैन बिलाला: जनकपुरी, जयपुर

# नवकार ग्रुप ने धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस









## देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं घूमर नृत्य ने बांधा समां

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नवकार ग्रुप की ओर से 15 अगस्त, शनिवार को भट्टारक जी की नसियां प्रांगण में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सतीश जी एवं नीलू जी काला ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में रीजन फेडरेशन जयपुर के अध्यक्ष सुनील कुमार जी बज, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार जी एवं सीमा जी बड़जात्या, दिनेश कुमार जी एडवोकेट, सुरेश जी बांदीकुई, कैलाश चंद सेठी, राजेंद्र कुमार बाकलीवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महिलाओं द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी सदस्यों का स्वागत प्रेमलता सेठी एवं निर्मला रारा ने तिलक लगाकर किया। अतिथियों को साफा, माला एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। मंगलाचरण के पश्चात प्रशांत कुमार जी एवं कल्पना जी छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित किया। ग्रुप के संरक्षक विजय कुमार जी दीवान एवं खजांची पदम चंद जी की ओर से सभी सदस्यों को राखियों के पैकेट उपहार स्वरूप वितरित किए गए। सांस्कृतिक मंत्री कौशल्या जी जैन के निर्देशन में कु. आरोही, कु. चार्वी जैन, पिंकी जी, आशा जी जैन, अभय गंगवाल एवं अंजना जैन ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। महिलाओं ने सामूहिक घूमर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति के रंग भर दिए। मंच संचालन चंद्रकांता छाबड़ा एवं डॉ. सुशीला टोंग्या ने किया। हाऊजी खेल का आयोजन प्रेमलता सेठी, ममता जैन, निर्मला रारा एवं कनक देवी द्वारा करवाया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पीयूष जी जैन ने सदस्यों को अपनी बचत एवं आय को उचित स्थान पर निवेश करने के महत्व की जानकारी देते हुए वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। उनकी विस्तृत जानकारी की सदस्यों ने सराहना की। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में सुरेश जैन बांदीकुई ने आगामी 23 अगस्त, रविवार को प्रस्तावित सीकर एवं रैवासा की धार्मिक यात्रा की जानकारी दी तथा सभी सदस्यों से यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। सचिव विजय कुमार पांड्या ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर ने आयोजित किया "सुकून की छांव" कार्यक्रम

## नि:शुल्क छतरियों का वितरण, श्रमिकों के प्रति संवेदना एवं सेवा का दिया संदेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर, जयपुर की ओर से महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सहयोग से "सुकून की छांव" अभियान के अंतर्गत 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क छतरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम 15 अगस्त 2026, शनिवार को प्रातः 9:30 बजे भट्टारक जी की नसियां, नारायण सिंह सर्कल, जयपुर में महावीर प्रार्थना के वाचन के साथ प्रारंभ हुआ। संस्था के अध्यक्ष वीर राजेश बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य तपती धूप एवं बरसात में फुटपाथों तथा ठेलों पर कार्य करने वाले श्रमिकों एवं वेंडर्स को राहत प्रदान करना था। इस अवसर पर 12 नि:शुल्क छतरियों का वितरण किया गया। सभी श्रमिकों को सम्मानपूर्वक छतरियां प्रदान करते हुए उनके प्रति सेवा, सम्मान एवं संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। सेक्रेटरी वीर धनु कुमार जैन ने बताया कि इस सेवा कार्य को सफल बनाने में मोहन लाल जी गंगवाल, सीए वीर कुमार जी जैन, मंजू पुरी जी, धनु कुमार जी जैन, महावीर जी सेठी, एआर रश्मि गुप्ता जी, सुशीला जी बड़जात्या, डॉ. जी.सी. जैन सोगानी जी एवं परेश जी पाटनी का विशेष सहयोग रहा। ज्वाइंट सेक्रेटरी वीर सुनील बज ने बताया कि कार्यक्रम में सुनील बज, महेंद्र छाबड़ा, राजेंद्र पापड़ीवाल, बिनोद बड़जात्या, सीमा बड़जात्या, इंदु जैन एवं बीणा जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सीए वीर कुमार जैन ने बताया कि छतरी वितरण के पश्चात सभी श्रमिकों एवं उपस्थित सदस्यों को अल्पाहार कराया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर के पदाधिकारियों ने कहा कि "सुकून की छांव" केवल छतरी वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के श्रमिक एवं जरूरतमंद वर्ग के प्रति संवेदना, सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से "सबकी सेवा, सबको प्यार" के संकल्प को आगे बढ़ाती रहेगी।

# अमेरिका के वर्जीनिया में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

## भारतीय समुदाय ने उत्साह एवं गर्व के साथ तिरंगे को किया नमन



**फेयरफैक्स, वर्जीनिया. शाबाश इंडिया**

अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के फेयरफैक्स में भारतीय समुदाय की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूपश्री जैन को भारतीय समुदाय के साथ तिरंगा फहराने का गौरव प्राप्त हुआ। इसी अवसर पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री रवि चाणक्य के जन्मदिन पर उपस्थित भारतवासियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। ध्वजारोहण के पश्चात रूपश्री जैन ने उपस्थित भारतीय समुदाय को नरेंद्र मोदी विचार मंच के उद्देश्यों, विचारधारा एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने मंच के माध्यम से राष्ट्रहित, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके संबोधन ने उपस्थित भारतीय समुदाय का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे और सभी ने उत्साह एवं गर्व के साथ तिरंगे को नमन किया। विदेश की धरती पर भारतीय समुदाय के बीच तिरंगा फहराने और भारतीय विचारों को साझा करने का यह अवसर सभी के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी सम्मानित

## 18 वर्षों से रेलवे स्टेशन पर कर रहे निःशुल्क जल सेवा



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शेर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, गंगापुर सिटी को प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह तोमर ने ग्रुप की ओर से पिछले 18 वर्षों से गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के दौरान रेल यात्रियों के लिए की जा रही निःशुल्क जल सेवा के लिए स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान किया। यह सम्मान दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या ने ग्रहण किया। ग्रुप के सचिव महेश जैन एवं कोषाध्यक्ष सुभाष सोगानी ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विगत 18 वर्षों से लगातार तीन माह तक रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क जल सेवा संचालित कर रहा है। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर यह सेवा अपनी निरंतरता एवं सेवाभाव के कारण विशेष पहचान बना चुकी है। इस पुण्य कार्य में ग्रुप के सदस्यों के साथ-साथ शहर के दर्जनों समाजसेवी भी सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि जल सेवा के इस अनुकरणीय कार्य के लिए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप को जैन समाज की ओर से प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। समारोह में विधायक रामकेश मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायण लाल शर्मा, एसडीएम बृजेंद्र मीणा, तहसीलदार सुरेश बिश्नोई, विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की संस्था प्रधान राजेन्द्री मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं शहर के प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे।

# राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खातीपुरा में स्वतंत्रता दिवस पर सर्व समाज सेवा समिति ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

## शिक्षण सामग्री एवं विशेष किट वितरित कर बढ़ाया बच्चों का उत्साह




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्व समाज सेवा समिति की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, खातीपुरा में आयोजित समारोह में सहभागिता की गई। इस दौरान बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं अन्य उपयोगी सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य एवं कविता पाठ जैसी सुंदर प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में देशप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। डॉ. अशोक दुबे ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विशेष किट प्रदान की गई। इसके साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को नोटबुक, स्टेशनरी किट, पेन एवं अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक उदय श्रीवास्तव ने विद्यालय की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की अध्यापिकाओं सुनीता मीणा एवं ज्योति शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में सहयोग किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य दम्मी लाल, संदीप बानूड़ा, दिनेश, अभिषेक वर्मा, गुणीराम मीणा, राजेंद्र उपाध्याय, अवध शर्मा, मनीराम, राजेश भट्ट, रामचंद्र सैनी, राहुल, विवेक, विनोद एवं डॉ. अशोक दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में शिक्षा, सेवा एवं राष्ट्रप्रेम के संदेश के साथ बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड बागीदौरा के रक्तदान शिविर में महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा की सेवा सहभागिता

### रक्तदाताओं का सम्मान कर वितरित किए जीवनरक्षक किट एवं तिरंगे

**नौगामा, जिला बांसवाड़ा. शाबाश इंडिया**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड बागीदौरा की ओर से विद्या निकेतन परिसर, बागीदौरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 90 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा की ओर से सभी रक्तदाताओं को अल्पाहार के रूप में कॉफी, बिस्किट एवं फल वितरित किए गए। साथ ही रक्तदाताओं, युवा कार्यकर्ताओं, संजीवनी ब्लड बैंक तथा राजकीय चिकित्सालय, बांसवाड़ा से आए कार्मिकों को जीवनरक्षक किट वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई गई। महावीर इंटरनेशनल शाखा की ओर से सभी रक्तदाताओं का उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया। शाखा द्वारा 15 अगस्त के ''हर घर तिरंगा'' अभियान के तहत उपस्थित लोगों को तिरंगे भी वितरित किए गए। इस दौरान देशभक्ति गीतों के साथ सभी ने राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र बघेल, महावीर इंटरनेशनल शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी, जितेंद्र पाटीदार, पटवारी हार्दिक सोनी एवं संजीवनी ब्लड बैंक के प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान अत्यंत पुनीत कार्य है। रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायता मिल सकती है। महावीर इंटरनेशनल शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने कहा कि समाज में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ''रक्तदान महादान है। रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, यह केवल मानव शरीर से प्राप्त होता है। इसलिए स्वस्थ एवं योग्य व्यक्तियों को समय-समय पर रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देना चाहिए।'' कार्यक्रम में सेवा, राष्ट्रप्रेम एवं मानवता का संदेश देते हुए रक्तदाताओं और सहयोगियों का उत्साहवर्धन किया गया।

# जैन सोशल ग्रुप सिद्धा ने किया सेवार्थ कार्यक्रम

### सेवा सप्ताह के तहत गौशाला में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाकर की सेवा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन की ओर से आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत 16 से 23 अगस्त तक विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 16 अगस्त को जैन सोशल ग्रुप सिद्धा परिवार की ओर से श्री पशुपति गौशाला में सेवार्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कदम की डूंगरी, बेनाड़ रोड स्थित गौशाला में सिद्धा परिवार के सदस्यों ने गायों को चारा, गुड़ एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर सेवा कार्य किया और पुण्यार्जन की अनुमोदना की। कार्यक्रम में सिद्धा परिवार के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार एवं सीमा पाटनी, पूर्व अध्यक्ष निर्मल पांड्या, अध्यक्ष सौरभ एवं रतिका गोधा, संगीता छाबड़ा, वीरेंद्र काला, राकेश एवं अचला रावका, संजय एवं सुनीता काला, मुकेश दोषी, मोनेश जैन, जितेंद्र लुहाड़िया, रोहित सोगानी, जितेंद्र जूली जैन, अंकित काला, सुगन एवं रंजीत पापड़ीवाला, राहुल सोगानी, रेयांशी गोधा, मिस्टी जैन एवं दर्शन छाबड़ा सहित अन्य सदस्यों ने सहभागिता की। सदस्यों ने कहा कि जीवदया एवं सेवा कार्य जैन धर्म की करुणा और अहिंसा की भावना को साकार करने का माध्यम हैं। गौसेवा के इस आयोजन में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा कार्य की अनुमोदना की।

# बाल कलाकारों ने स्वतंत्रता संग्राम की गाथा को किया जीवंत

### कविता, शास्त्रीय नृत्य, गायन एवं अभिनय से बाल कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री मुनिसुव्रतनाथ फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को जीवंत कर दिया। समन्वयक अभिषेक सांघी ने कहा कि इस अवसर पर पूरा प्रांगण राष्ट्रीय चेतना एवं संस्कारों के अलौकिक संगम का केंद्र बना नजर आया। कार्यक्रम संयोजक तोशी एवं डॉ. प्रीति ने बताया कि संस्कार पाठशाला के बाल कलाकारों जैस्वी, काषवी, पार्श्वी, जैनम, हिया, इशिता, कियांश, रिधमय, अनाया, पहल, दिव्यम, खनक एवं दिशा ने कविता, शास्त्रीय नृत्य, गायन और अभिनय के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के अमर इतिहास को मंच पर सजीव कर दिया। बाल कलाकारों की भावपूर्ण एवं अनुपम प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा के साथ देशप्रेम, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में शिव पिंकल, नवीन बड़जात्या, भागचंद कनक, हेमंत, संदीप, रूपेश, पायल, मैना, आरती, अनिल अंबिया सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

|| जय जिनेंद्र ||

# बारहवां मासिक
# अभिषेक एवं पूजन विधान कार्यक्रम

**आदरणीय,**

– समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य गण राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान
– समस्त संभागीय पदाधिकारी एवं संभागीय कार्यकारिणी सदस्य गण
सभी संभाग राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान
– समस्त इकाई पदाधिकारी एवं इकाई कार्यकारिणी सदस्य गण
सभी इकाई राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान

**सादर जय जिनेंद्र,**

**दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान द्वारा बारहवां मासिक पूजन विधान कार्यक्रम**



दिनांक — मंगलवार 18 अगस्त 2026

समय — अभिषेक, शान्ति धारा प्रातः 6.30 बजे एवं
आदिनाथ विधान प्रातः 7.30 बजे से

स्थान — श्री. दिगम्बर जैन मंदिर बगरू वालान,
स्टेशन रोड जयपुर

पर अभिषेक पूजन एवं विधान कार्यक्रम रखा गया है।

**कार्यक्रम में आप सभी सदंपति सादर आमंत्रित है**

**पूजन के पश्चात्**
**वात्सल्य भोज की व्यवस्था भी है**

## धन्यवाद

**निवेदक**

कार्यक्रम परामर्शक
**सुरेन्द्र जी पांडया**
राष्ट्रीय महामंत्री

मुख्य समन्वयक
**राजेश बड़जात्या**
अंचल कार्याध्यक्ष

**आयोजक**

**शकुंतला बिददावया**
महिलांचल अध्यक्ष

**सुनीता जैन**
महिलांचल मंत्री

**उर्मिला जैन**
महिलांचल कोषाध्यक्ष

**निवेदक**

**अनिल जैन IPS**
अंचल अध्यक्ष

**उत्तम चंद पांडया**
अंचल निवर्तमान अध्यक्ष

**महावीर बाकलीवाल**
अंचल महामंत्री

**रमेश चन्द सोगानी**
अंचल कोषाध्यक्ष

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य गण दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं महिलांचल राजस्थान
तथा अधीनस्थ सभी संभाग एवं इकाई

**श्रीमान प्रमोद जैन पहाड़िया**
अध्यक्ष
बगरूवालान प्रबंधकारिणी कमेटी

**नवीन जैन छाबड़ा**
मंत्री
बगरूवालान प्रबंधकारिणी कमेटी

# प्रसन्न रहने के लिए वर्तमान में जीना और प्राप्त को पर्याप्त मानना जरूरी : उपाध्याय श्री ऊर्जयन्त सागर जी

### प्रो. रमेश अरोड़ा ने इंद्रधनुष के सात रंगों के उदाहरण से बताए प्रसन्न रहने के सात कारण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नसियां भट्टारक जी में वर्षायोग प्रवासरत उपाध्याय श्री ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज के पावन सान्निध्य में रविवारीय विशेष प्रवचन श्रृंखला के तहत प्रवचन सभा का आयोजन जैन भवन में किया गया। इस अवसर पर प्रो. रमेश अरोड़ा ने ''प्रसन्न कैसे रहें'' विषय पर इंद्रधनुष के सात रंगों का उदाहरण देते हुए प्रसन्न रहने के सात कारणों को सरल भाषा में समझाया। प्रो. अरोड़ा ने कहा कि जीवन में परिवारजनों, मित्रों एवं पड़ोसियों के साथ आत्मीय व्यवहार रखते हुए सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.के. खींचा ने प्रो. रमेश अरोड़ा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सभा को अवगत कराया। उपाध्याय श्री ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को वर्तमान में जीना चाहिए और स्वयं में जीना सीखना चाहिए। दूसरों से अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए। इच्छाओं की पूर्ति से दुख दूर नहीं होता, बल्कि स्वयं के भीतर उतरने में ही संतोष मिलता है। ''प्राप्त को पर्याप्त मानने'' में ही सुख की अनुभूति होती है। उपाध्याय श्री ने अनेक उदाहरणों के माध्यम से विषय की सूक्ष्मता पर प्रकाश डालते हुए जीवन में प्रसन्नता एवं संतोष प्राप्त करने के उपाय बताए। वर्षायोग समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल, महामंत्री सुखानंद जैन एवं उमरावमल संघी ने अतिथियों का तिलक एवं माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कुशल ठोलिया, पवन गोधा, जयसिंह कोठारी, अरुण काला मटरू, कोषाध्यक्ष दौलत फागीवाला एवं मुख्य समन्वयक मनीष बैद ने किया। प्रो. रमेश अरोड़ा का सम्मान कमल दीवान, ज्ञानचंद झांझरी, पारस काला एवं सतेंद्र पांड्या ने तिलक लगाकर एवं शाल ओढ़ाकर किया। वहीं डॉ. एन.के. खींचा का सम्मान बाबूलाल इटूंदा एवं महेश काला ने किया। इस अवसर पर अलका-अशोक जैन नेता की सुपौत्री एवं अरुण-आशा काला की दोहिती, अर्पित-आयुषी जैन की पुत्री 6 वर्षीय सुश्री दित्या जैन का इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर सम्मान किया गया। डॉ. पारस मणि खींचा एवं ऋतु कासलीवाल ने तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। एवीएस फाउंडेशन एवं वर्षायोग समिति की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उपाध्याय श्री ने बालिका को आशीर्वाद प्रदान किया। मंगलाचरण जितेंद्र जैन 'जीतू' ने किया। प्रशस्ति वाचन एवं सभा का संचालन मुख्य संयोजक रूपेंद्र छाबड़ा ने किया।

## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

### देशभक्ति प्रस्तुतियों के बीच बच्चों को वितरित की उपहार एवं शैक्षणिक सामग्री, विद्यालय के जीर्णोद्धार की उठी मांग



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की ओर से 15 अगस्त को मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर के पास राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, क्लब फाउंडर ला. महादेवी आर्य, जोन चेयरपर्सन ला. रानी पाटनी सहित क्लब की 8 सदस्याओं ने सहभागिता की। क्लब अध्यक्ष ला. राधा रानी मित्तल एवं विद्यालय की अध्यापिका निर्मला बैरवा ने सभी के सहयोग से ध्वजारोहण किया। विद्यालय के करीब 35 छात्र-छात्राओं एवं आसपास की कच्ची बस्ती के बच्चों सहित करीब 50 बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। विद्यालय के बच्चों ने गीत एवं कविताओं के माध्यम से देशभक्ति की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। अध्यापिका चंद्रलेखा उपाध्याय के निर्देशन में पीटी एवं सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया गया। लायंस क्लब की सदस्याओं ने भी देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। क्लब की ओर से दोनों अध्यापिकाओं का माला एवं उपहार देकर स्वागत किया गया। वहीं अध्यापिकाओं ने भी क्लब की सभी सदस्याओं का फूलों की माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। क्लब की ओर से बच्चों को लड्डू, केले, फ्रूटी, स्टेशनरी सामग्री, रूलर, रबर, शार्पनर एवं टॉफियां वितरित की गईं।

## महिला जागृति संघ ने संत सुधासागर महिला जागृति विद्या स्थली में मनाया स्वतंत्रता दिवस

### देशभक्ति गीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां, विद्या भवन निर्माण के लिए राशि भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महिला जागृति संघ की सदस्याओं की ओर से संत सुधासागर महिला जागृति विद्या स्थली में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती शशि जैन ने बताया कि श्रीमती कांता पाटनी ने ध्वजारोहण किया। संस्था की मंत्री शारदा सोनी ने सभी अतिथियों एवं सदस्याओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में सरोज छाबड़ा एवं कुसुम ठोलिया ने मधुर स्वर में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। वहीं अनिला, रेखा, रेनू, विजया, उर्मिला, रमा, निर्मला, सुशीला, सुनीला, जयंती एवं शशि विद्या ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। माला ठोलिया ने भी अपनी गीत प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंग भर दिया। कार्यक्रम से प्रसन्न होकर कांता पाटनी, शशि जैन, अनिला, विमला जैन एवं विजयलक्ष्मी ने विद्या भवन निर्माण के लिए अपनी ओर से राशि भेंट की। समारोह में सदस्याओं ने देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम उत्साह एवं आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ।

# "देशभक्ति के रंग—सनशाइन के संग" ने जगाया राष्ट्रप्रेम का जज्बा






## ग्रुप डांस, फैंसी ड्रेस एवं देशभक्ति गायन प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

**ब्यावर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप सनशाइन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''देशभक्ति के रंग–सनशाइन के संग'' शीर्षक से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन वर्धमान कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति, कला, संस्कृति एवं पारिवारिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्यों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न समूहों के लिए ग्रुप डांस प्रतियोगिता, 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियों से पूरे ऑडिटोरियम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में 75 से अधिक परिवारों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रस्तुतियों से लेकर देशभक्ति गीतों और जोशीले ग्रुप डांस तक, प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर जोन कोऑर्डिनेटर मनीष मेहता, पूर्व अध्यक्ष पंकज डेडिया, अरुण रूणीवाल, विक्रम सांखला, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र बोहरा, पीआरओ अमित गोधा, मोहित जैन, प्रतीक खटोड़, हीरेन भंडारी, दीक्षित रांका, हिमांशु बोहरा, प्रणीत तातेड़, रंजना बाबेल, प्रमिला मेहता, पूजा कुमठ, अनिता पगारिया, अनिता कांस्टिया, निशा भंडारी, नेहा तातेड़, निक्की खटोड़, मीनाक्षी पगारिया, हेमा बरडिया, प्रियंका कुंकुलोल, स्तुति गादिया, ममता गोलेच्छा, शिप्रा जैन, प्रीति डेडिया, गौतम बाबेल, राहुल पगारिया, रुचित गादिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। जैन सोशल ग्रुप सनशाइन के अध्यक्ष राहुल ओस्तवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि परिवारों को एकजुट करते हुए नई पीढ़ी में देशभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना था। सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि जब परिवार साथ हों, संस्कृति साथ हो और दिल में देशभक्ति हो, तो हर उत्सव यादगार बन जाता है। अंत में जैन सोशल ग्रुप सनशाइन की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। सहभागियों के उत्साह और सहयोग से ''देशभक्ति के रंग–सनशाइन के संग'' एक यादगार एवं भव्य आयोजन बन गया।

# ग्राम पंचायत हंसेरा का पार्क अब वर्णी उद्यान के नाम से जाना जाएगा

## स्वतंत्रता दिवस पर वर्णीपुरम हंसेरा में ध्वजारोहण, नशामुक्ति का लिया संकल्प




**वर्णीपुरम् हंसेरा. शाबाश इंडिया।** वर्णी संस्थान विकास सभा, जनकल्याण समिति एवं विचार संस्था, सागर के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर १५ अगस्त २०२६, शनिवार को वर्णीपुरम्हंसेरा स्थित जन्मभूमि स्मारक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्णी बाल संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में स्मारक के उपाधिष्ठाता पं. देवेंद्र शास्त्री मड़ावरा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद बाल संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छोटे से ग्राम की प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिखरचंद जैन मड़ावरा रहे। ग्राम प्रधान छत्रपाल सिंह तथा डी.के. सराफ, सुरेश शास्त्री केवलारी, विनोद जैन शास्त्री एवं राजीव जैन विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद जैन, एलआईसी सागर ने की। संचालन संयोजक मनीष विद्यार्थी एवं शिक्षिका रुक्मणी तोमर ने किया। आभार महामंत्री कैलाश जैन टीला ने व्यक्त किया। बाल संस्कार केंद्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री श्रीमती रश्मि जैन ने किया। इसके पश्चात नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी शामिल हुए। इस दौरान छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे ऐसे घर में विवाह करेंगी, जहां परिवार का कोई सदस्य नशा नहीं करता हो।

# आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति का स्नेह मिलन एवं सामाजिक दाल-बाटी कार्यक्रम संपन्न

## देशभक्ति एवं सावन के गीतों पर महिला मंडलों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**आगरा. शाबाश इंडिया।** आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति की ओर से समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर हाउस स्थित जैन स्मृति भवन में स्नेह मिलन एवं सामाजिक दाल-बाटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में परिवारों ने सपरिवार सहभागिता कर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के महिला मंडलों ने देशभक्ति एवं सावन के मनमोहक गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने वातावरण में उत्साह एवं उमंग भर दी, वहीं सावन के गीतों पर हुई आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंगारंग छटा बिखेर दी। उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन पंकज जैन एवं दीपक जैन ने प्रभावी एवं रोचक अंदाज में किया। उन्होंने विभिन्न प्रस्तुतियों एवं कार्यक्रम की गतिविधियों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करते हुए उपस्थित समाजजनों को पूरे आयोजन से जोड़े रखा। स्नेह मिलन के दौरान समाज के परिवारों ने एक-दूसरे से आत्मीय मुलाकात की तथा आपसी संबंधों को और मजबूत किया। सामूहिक दाल-बाटी भोज ने कार्यक्रम में सामाजिक एकता एवं पारिवारिक आत्मीयता का रंग भर दिया। समिति के अध्यक्ष निर्मल मोठया ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक कार्यक्रमों से समाज में प्रेम, सहयोग एवं भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में निर्मल मोठया, पंकज जैन, नरेंद्र गोधा, संदीप पाटनी, दिलीप बड़जात्या, सुरेंद्र बैनाड़ा, सुनील गोधा, राजेश सेठी, प्रमोद रांवका, नरेश लुहाड़िया, विभू बैनाड़ा, अजित रांवका, अनिल मोठया, शुभम कासलीवाल, उर्मिला मोठया, शशि सेठी, रेनू बड़जात्या, सुरभि पाटनी सहित आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



# राउमावि चांदराना में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**चांदराना. शाबाश इंडिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदराना में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सरपंच शकुंतला देवी ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रधानाचार्य कैलाशचंद्र मीना ने सरपंच, एसडीएमसी सदस्यों एवं अतिथियों की मौजूदगी में तिरंगा फहराया। प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय स्टाफ ने जैन परिवार के भामाशाहों, एसडीएमसी सदस्यों तथा अन्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक, देशभक्ति एवं धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आगंतुक अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के समापन पर ग्राम पंचायत एवं भामाशाहों की ओर से विद्यार्थियों को मिठाई एवं फल वितरित किए गए। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# उत्कृष्ट लेखन, साहित्य एवं शिक्षा में नवाचार के लिए डॉ. लिपि जैन जिला स्तर पर सम्मानित

**लाडनूं. शाबाश इंडिया।** १५ अगस्त २०२६ को कस्बे के जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के अहिंसा एवं शांति विभाग की सहायक आचार्य डॉ. लिपि जैन को उत्कृष्ट लेखन, साहित्य एवं शिक्षा में नवाचार के लिए जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्व मंत्री विजय सिंह चौधरी, जिला कलेक्टर अवधेश मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान सहित विभिन्न गणमान्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। हाल ही में डॉ. जैन की मौलिक कृति ''जैन विजन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल कोएक्सिस्टेंस'' विषयक पुस्तक का लोकार्पण युवाचार्य श्री महावीर मुनि के सान्निध्य में जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ एवं जैन विश्वभारती के पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद लूंकड़ द्वारा किया गया। बताया गया कि डॉ. लिपि जैन अब तक छह पुस्तकों का लेखन तथा दो पुस्तकों का संपादन कर चुकी हैं। साहित्य साधना, उत्कृष्ट लेखन एवं संपादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. लिपि जैन को जिला स्तर पर मिले इस सम्मान पर सैकड़ों साहित्यकारों एवं गणमान्य लोगों ने विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्याणी कंसारी ने दिया एकता व सद्भावना का संदेश

### वार्ड क्रमांक 7 के आंगनबाड़ी केंद्र में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**नवापारा नगर (छत्तीसगढ़). शाबाश इंडिया**

स्थानीय वार्ड क्रमांक ७ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र ५-२ में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समाजसेविका कल्याणी कंसारी तथा सहायिका संतोषी साहनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र के समक्ष विधि-विधान से पूजन एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों एवं बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया।

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### एकता और सद्भावना का दिया संदेश

इस अवसर पर कल्याणी कंसारी ने अपने संबोधन में एकता, सद्भावना और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि हमारे देश में एकता, सद्भावना और बंधुत्व की भावना निरंतर बनी रहनी चाहिए। यही स्वतंत्रता दिवस मनाने की वास्तविक सार्थकता है। कार्यक्रम में सुमन यादव, कुमारी बाई, कृष्णी यादव, बिजली बाई, रेखा कंसारी सहित पालकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। आयोजन राष्ट्रप्रेम एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# जैन मैत्री संघ का दल तीर्थ यात्रा के लिए जयपुर से रवाना



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बॉब रिटायर्ड जैन मैत्री संघ का एक दल तीर्थयात्रा एवं दर्शनीय स्थलों के भ्रमण के लिए स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त को जयपुर से रवाना हुआ। यात्रा के प्रारंभ में श्री दिगंबर जैन मंदिर, महावीर नगर, जयपुर से बस स्टैंड तक तिरंगा झंडा लेकर जुलूस के रूप में पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसके बाद आगामी यात्रा के लिए बस को रवाना किया गया। यात्रा का प्रथम धार्मिक पड़ाव अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी रहा। यहां सभी यात्री जैन धर्म की ध्वजा लेकर बस पार्किंग स्थल से मंदिर के प्रवेश द्वार तक जुलूस के रूप में पहुंचे और जैन धर्म के जयघोष एवं स्लोगन लगाते हुए मंदिर में दर्शन किए। यह दल जयपुर से महावीरजी, ज्ञानतीर्थ मुरैना, टिकटोली, सिंघोनिया, गोपाचल, स्वर्ण मंदिर ग्वालियर, सोनागिरजी, गोलाकोट, पचराई, ललितपुर, देवगढ़, थूबोनजी, अशोकनगर, गुना, बजरंगगढ़, चांदखेड़ी, झालरापाटन एवं केशवरायपाटन सहित विभिन्न तीर्थस्थलों एवं दर्शनीय स्थलों की यात्रा करेगा। 6 दिवसीय यह यात्रा 15 अगस्त को जयपुर से प्रातः रवाना होकर 20 अगस्त की रात्रि को जयपुर लौटेगी।

### यात्रा में शामिल सदस्य

यात्री दल में संघ के प्रमुख सदस्य शामिल हैं, जिनमें पी.सी. जैन (सी-स्कीम), आर.के. जैन-सर्ला जैन, अभिनंदन-पुष्पां जैन, मुनेन्द्र-ज्योति जैन, महावीर-मंजू जैन सेवावाले, नीरज-अंजू सेठी, वीरेंद्र-प्रेम कासलीवाल, वीरेंद्र-सुनीला वोहरा तथा संघपति महेंद्र-विमला जैन शामिल हैं। इससे पूर्व भी जैन मैत्री संघ द्वारा धार्मिक यात्राओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। संघ के सदस्यों ने प्रस्तावित यात्रा के भी सकुशल एवं मंगलमय संपन्न होने की कामना की।

**महावीर जैन सेवावाले**

# धुलियान मंदिर में दर्शनार्थियों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**धुलियान, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल)**

15 अगस्त 2026 को धुलियान मंदिर परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया। हावड़ा के डोबसन मंदिर से मुर्शिदाबाद जिले के विभिन्न मंदिरों के दर्शन के लिए आए करीब 50 दर्शनार्थियों ने भी धुलियान मंदिर में अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात ध्वजारोहण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिभावपूर्वक सामूहिक पूजा-पाठ किया और धार्मिक वातावरण का आनंद लिया। दर्शनार्थी मुर्शिदाबाद जिले के 8 गांवों में स्थित मंदिरों के दर्शन कर 16 अगस्त 2026 को अपने घर लौटेंगे। -संजय कुमार जैन बड़जात्या: मुर्शिदाबाद



# वीतराग विज्ञान महिला मंडल के सदस्यों ने एक दिन में 10 मंदिरों के किए दर्शन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वीतराग विज्ञान महिला मंडल, पंडित टोडरमल स्मारक भवन, बापू नगर की अध्यक्ष सुशीला जैन अलवर वाली एवं मंत्री प्रमिला जैन बजाज नगर के संयोजन तथा मंडल के मुख्य समन्वयक हीराचंद बैद के निर्देशन में एक दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में 35 सदस्यों का दल शामिल हुआ। यात्रा दल ने प्रातः 6:45 बजे पंडित टोडरमल स्मारक भवन, बापू नगर स्थित सीमंधर जिनालय में दर्शन एवं प्रक्षाल कर बस से प्रस्थान किया। इसके बाद फागी स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं अर्घ्य समर्पित किए। यहां आर्यिका 105 क्षुतमति माताजी एवं आर्यिका 105 सुबोधमति माताजी के दर्शन भी किए। दिगंबर जैन समाज फागी के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन झंडा, मंत्री कमलेश चौधरी एवं समाज के गणमान्य लोगों ने यात्रा दल का स्वागत एवं अगवानी की तथा अल्पाहार के लिए आमंत्रित किया। फागी में नासियां एवं 1008 श्री चंद्रवीर दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन भी किए गए। प्रस्थान से पूर्व मंडल की अध्यक्ष सुशीला जैन, मंत्री प्रमिला जैन एवं यात्रा संयोजक हीराचंद बैद ने फागी समाज के सभी पदाधिकारियों एवं पत्रकार राजा बाबू गोधा के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद दिगंबर जैन समाज की वयोवृद्ध गणिनी आर्यिका 105 ज्ञानमती माताजी की दीक्षा स्थली माधोराजपुरा के दर्शन किए गए। यहां से 108 गुणसागरजी मुनिराज की समाधि स्थली गुणस्थली पहुंचकर मंदिर में भगवान शांतिनाथ स्वामी के समक्ष अर्घ्य समर्पित किया और सभी ने सामूहिक भक्ति की। इस अवसर पर संगीता सोनी, प्रदीप ठोलिया, रूपा जैन एवं हीराचंद बैद ने भजन प्रस्तुत किए। गुणस्थली में भोजन के बाद दल ने चकवाड़ा स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन किए। मार्ग में रतनलाल सेठी ने सभी यात्रियों का स्वागत कर वात्सल्यपूर्वक छाछ पिलाई। इसके बाद मौजमाबाद पहुंचकर अतिशय क्षेत्र एवं कांच मंदिर के दर्शन किए गए। यहां से अतिशय क्षेत्र नारेली पहुंचकर भोजन के पश्चात मंदिरजी के दर्शन किए। इसके बाद अजमेर के नाका मदार स्थित नवनिर्मित जिनशासन तीर्थ (लाल मंदिर) पहुंचे। विशाल एवं कलात्मक जिनशासन तीर्थ में मूलनायक भगवान शांतिनाथ स्वामी की विशाल खड्गासन प्रतिमा, विशाल पद्मासन चौबीस तीर्थंकर भगवंतों के साथ भूतकालीन एवं भविष्यकालीन चौबीसी, समवशरण एवं सहस्त्रकूट जिनालय के दर्शन कर सभी श्रद्धालु अभिभूत हुए और स्वयं को धन्य महसूस किया। इसके बाद दल जयपुर के लिए रवाना हुआ। वापसी के मार्ग में हीराचंद बैद ने गीत-भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने यात्रा के दौरान विभिन्न मंदिरों एवं प्रतिमाओं की विशेषताओं की जानकारी भी दी। जयपुर पहुंचने से पूर्व मार्ग में परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें सभी यात्रियों ने यात्रा के अपने अनुभव साझा किए तथा शीघ्र ही आगामी धार्मिक यात्रा के आयोजन का आग्रह किया। मंडल की अध्यक्ष सुशीला जैन एवं मंत्री प्रमिला जैन ने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी यात्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**हीराचंद बैदः मुख्य समन्वयक**

# उत्कृष्ट पत्रकारिता कार्य के लिए अमित जैन सम्मानित



**मसूदा (रोहित जैन). शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मसूदा उपखंड स्तर पर आयोजित गरिमामय समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य के लिए अमित जैन को सम्मानित किया गया। समारोह में मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत एवं मसूदा उपखंड अधिकारी दीपशिखा ने अमित जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनहित के मुद्दों को पत्रकारिता के माध्यम से प्रमुखता से उठाने, आमजन की समस्याओं को प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने तथा क्षेत्र की सकारात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सामने लाने के लिए उनके कार्यों की सराहना की गई। सम्मान मिलने पर पत्रकार अमित जैन ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव का विषय है। इससे उन्हें निष्पक्ष एवं जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी। अमित जैन को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिले सम्मान पर पत्रकार जगत एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रामनगर. शाबाश इंडिया**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर में 80वां स्वतंत्रता दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमान्तनी लोकेश रहीं। ध्वजारोहण राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग के राजस्थान पब्लिक ट्रस्ट बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं प्रसिद्ध समाजसेवी बसंत जैन बैराठी ने अन्य अतिथियों के साथ किया। समारोह में भारतीय जैन संगठन के विक्रम जैन, सचिव यश बाफना, मिस इंडिया 2021 वैष्णवी सुथार तथा मिस इथिरियल राजस्थान फोटोजेनिक एवं अभिनेत्री अंशु शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार मीणा एवं विद्यालय स्टाफ ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर, साफा एवं तिरंगा दुपट्टा पहनाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर अनेक रंगारंग एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। ध्वजारोहणकर्ता बसंत जैन बैराठी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों तथा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रायोजन विश्व प्रसिद्ध लेडीज पर्स एवं गिफ्ट आइटम निमार्ता कंपनी कलांकित तथा सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज द्वारा किया गया। अभिनेत्री वैष्णवी सुथार ने मॉडलिंग एवं फिल्म क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छुक छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। समारोह के अंत में देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों पर विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने नृत्य कर कार्यक्रम का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम और उत्साह से सराबोर रहा।

# रत्नत्रय महिला जागृति संघ की एक दिवसीय जैन तीर्थ यात्रा संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रत्नत्रय महिला जागृति संघ, जयपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय जैन तीर्थ यात्रा सानंद संपन्न हुई। संघ की संस्थापक टीम प्रियंका पाटनी, शालू बाकलीवाल, सुमन जैन, सरिता जैन, पूनम सेठी एवं रेखा पाटनी के निर्देशन में वातानुकूलित बस से श्रद्धालुओं ने यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का पहला पड़ाव रेवासा रहा, जहां प्रथम कलश की बोली हरीश कुमार बाकलीवाल ने ली तथा पुरुषों ने भगवान का अभिषेक किया। इसके बाद रेवासा नसियां में चौबीसी के दर्शन किए। सीकर में श्री शांतिनाथ भगवान के मंदिर में दर्शन कर आचार्य वर्धमान सागरजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। लाडनूं में संगमरमर मंदिर, तहखाने से निकले अतिशयकारी मंदिर, श्री आदिनाथ मंदिर एवं कांच मंदिर के दर्शन किए गए। सुजानगढ़ में स्वर्ण निर्मित समवशरण मंदिर एवं नसियांजी के दर्शन हुए। यात्रा के दौरान मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। संघ ने सहयोग के लिए विनोद पाटनी, अरविंद एवं अशोक का आभार जताया।

# घर-घर झंडा कार्यक्रम के तहत महारानी फार्म में हुआ ध्वजारोहण




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत सरकार के आह्वान पर घर-घर झंडा कार्यक्रम के तहत 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर महानगर के महारानी फार्म स्थित द्रव्य नदी के पास दीपिका फर्नीचर हाउस परिसर में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन एवं अनीता बड़जात्या ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं जैन समाज महारानी फार्म मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य तथा नालंदा विहार विकास समिति के संगठन महामंत्री बसंत बाकलीवाल, अतीव जैन एवं दीपिका फर्नीचर के निदेशक अशोक शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजक अशोक शर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ तथा भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष लगाए गए। मुख्य अतिथि उदयभान जैन ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में सैनिकों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने शहीद सैनिकों को नमन किया। बसंत बाकलीवाल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जैन समाज के स्वतंत्रता सेनानियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित की गई। निदेशक अशोक शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लायन पदम चंद जैन उपखंड स्तर पर मसूदा में सम्मानित



**मसूदा (रोहित जैन). शाबाश इंडिया**

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मसूदा में आयोजित उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह में लायन पदम चंद जैन को मिर्गी रोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मसूदा उपखंड अधिकारी दीपशिखा एवं मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने लायन पदम चंद जैन को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। उनके द्वारा मिर्गी रोग से पीड़ित लोगों के लिए किए गए सेवा एवं जनजागरूकता कार्यों की सराहना की गई।

# नसीराबाद में समारोहपूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस




**नसीराबाद (रोहित जैन). शाबाश इंडिया**

80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को मिशन ग्राउंड में सामूहिक रूप से समारोहपूर्वक मनाया गया। उपखंड अधिकारी कल्पित शिवरान ने ध्वजारोहण किया। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने व्यायाम प्रदर्शन किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में उपखंड अधिकारी कल्पित शिवरान ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, समाजसेवियों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक लक्ष्मणराम चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश मेहरा सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं



संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया। न्यायालय भवन में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता सैनी, छावनी परिषद कार्यालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद साकिब आलम, उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी कल्पित शिवरान, तहसील कार्यालय में तहसीलदार दिनेश शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक लक्ष्मणराम चौधरी, थाना नसीराबाद सिटी में थानाधिकारी करण सिंह, थाना नसीराबाद सदर में थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी तथा राजकीय सामान्य चिकित्सालय में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनायक गॉड ने ध्वजारोहण किया।